लिव इन के लिए पार्टनर की जरूरत है: परिणीति चोपड़ा

पिछले साल के अंत में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के घर शादी का माहौल खूब जमा था, प्रियंका चोपड़ा की शादी जो हुई थी। अब जब बड़ी बहन की शादी हो जाए तो लोग छोटी बहन के बारे में भी पूछते हैं कि कब होंगे हाथ पीले? इन दिनों मीडिया में परिणीति से शादी का यही सवाल खूब पूछा जा रहा है, लेकिन परिणीति ने शादी के सवाल पर ऐसा जवाब दिया कि सबकी बोलती बंद हो जाए।

परिणीति से पूछा गया कि अब आपकी शादी कब कर रही हैं? सवाल के जवाब में परिणीति ने साफ कहा कि वह शादी नहीं लिव इन के लिए सही पार्टनर की तलाश में हैं, अगर वही पार्टनर उन्हें सही लगा तो सोचेंगी शादी के बारे में।

परिणीति सवाल करते हुए कहती हैं, अभी से मेरी शादी क्यों? अभी तो मुझे शादी के बारे में कोई ज्यादा समझ नहीं है, अभी तो मेरी जिंदगी में एक इतना भी काफी था कि.. लिव इन के लिए स्ट्रॉन्ग पार्टनर की जरूरत है। वह इंसान सही होना चाहिए, चाहे मैं उसके साथ एक ही घर में रहूं या उसके साथ ट्रैवल करूं या फिर उसके साथ अपनी लाइफ जिऊं। मेरे लिए पार्टनर जरूरी है, शादी नहीं, अगर कभी मुझे लगा कि अब उसके साथ शादी करनी है तो कर लूंगी।

परिणीति आगे कहती हैं, मैं न शादी के पक्ष में हूं न विपक्ष में, मुझे अभी शादी समझ नहीं आती है। मुझे पता नहीं कि शादी से क्या होता है, अगर कोई कहेगा कि शादी करने से बच्चे होते हैं, तो मैं उसे मार डालूंगी, सब जानते हैं बच्चे शादी करने से नहीं होते हैं, बल्कि बच्चों के लिए एक दूसरा प्रॉसिजर है, जिसके बारे में मुझे पता है।

अपनी बात समाप्त करते हुए परिणीति ने कहा, शादी मुझे एक डॉक्युमेंटेशन की तरह लगती है, एक लीगल और प्रैक्टिकल चीज लगती है। मेरे लिए एक सही आदमी महत्वपूर्ण है। अगर मैंने किसी से भी शादी कर ली और वह अच्छा नहीं निकला तो फिर मैं क्या करूंगी। इससे अच्छा है कि मेरा पार्टनर सही हो। इन दिनों परिणीति अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म केसरी के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म केसरी की कहानी 1897 में हुई सारागढ़ी की लड़ाई पर आधारित है, जो ब्रिटिश इंडियन आर्मी की सिख रेजिमेंट और अफ़गान-पश्तो मिलिट्री के बीच हुई थी। इस लड़ाई में रेजिमेंट के 21 सिख सैनिकों ने 10,000 अफगानियों का बहादुरी से सामना किया था। लड़ाई में हिस्सा लेने वाले अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा स्टारर केसरी का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है। यह फिल्म 21 मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

आखिरकार आंखे 2 में नजर आएंगी जैकलीन फर्नांडिस!

साल 2002 में आई थ्रिलर फिल्म आखें को ऑडियंस के साथ ही क्रिटिक्स का शानदार रिस्पॉन्स मिला था। उसी समय ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि इस फिल्म का दूसरा पार्ट भी बनाया जाएगा। एक दशक से भी ज्यादा का समय हो जाने के बावजूद फिल्म के दूसरे पार्ट की कहानी से लेकर कास्टिंग तक से जुड़ी कोई प्रोग्रेस होती दिखाई नहीं दी। इससे लगा कि दूसरे पार्ट का आइडिया ठंडे बस्ते में चला गया है, लेकिन अब आखिरकार आंखे 2 के लिए कास्टिंग शुरू हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, फिल्म में अमिताभ बच्चन अहम किरदार निभाएंगे और इसके लिए उन्हें ऑफिशली साइन भी कर लिया गया है। अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार जैकलीन फर्नांडिस भी इस प्रॉजेक्ट का हिस्सा बन सकती हैं।

कहा जा रहा है कि फिल्म पागलपंती की शूटिंग में बिजी डायरेक्टर अनीज बाजमी ने अपनी फिल्म आंखे 2 के लिए जैकलीन से बात की है। यह भी कहा जा रहा है कि जैकलीन इसे लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि कास्ट होने पर वह फिल्म में अकेली फीमेल लीड कैरेक्टर होंगी। फिलहाल इस सब की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

अगर जैकलीन को इस फिल्म के लिए साइन किया जाता है तो यह उनकी अमिताभ के साथ दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले वह अपनी डेब्यू फिल्म अलादीन में अमिताभ के साथ दिखाई दी थीं।

सूर्यवंशी रिलीज डेट को लेकर अक्षय ने नहीं किया सलमान खान को फोन

ईद एक त्योहार के साथ-साथ बॉलिवुड के दबंग सलमान खान के लिए फिल्म रिलीज करने का मौका भी होता है। लगता है, अगले साल इस मौके पर अक्षय कुमार ने भुना लिया है। अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सूर्यवंशी काफी चर्चा में है। खास तौर पर अपनी रिलीज डेट को लेकर। फिल्म अगले साल ईद के दिन रिलीज होगी। पहले ऐसी खबरें थीं कि अक्षय ने सूर्यवंशी की रिलीज डेट तय करने से पहले सलमान खान से बात की थी। हालांकि अब अक्षय कुमार ने इस खबर को मनगढ़ंत बताते हुए सलमान को फोन करने की बात से इनकार कर दिया है। अक्षय कुमार अपनी फिल्म केसरी के एक इवेंट के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान अक्षय ने बताया कि उन्होंने सूर्यवंशी की डेट फाइनल करने के लिए सलमान को कोई फोन नहीं किया है। मालूम हो हर बार ईद के दिन सलमान खान अपनी फिल्म रिलीज करते हैं और सूर्यवंशी को लेकर खबरें थीं कि अक्षय ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट फाइनल करने से पहले सलमान खान को फोन किया था। साथ ही अक्षय कुमार ने दो स्टार्स के बीच फिल्मों की सफलता को एक प्रतिस्पर्द्धा के रूप में देखने की बात को रोकते हुए करते हुए कहा कि यह सब बातें मनगढ़ंत हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री सबकी है और यहां जमे रहना ही सबसे जरूरी बात है। आपको बताते चलें कि फिल्म सूर्यवंशी में अक्षय कुमार एक पुलिस वाले के रूप में दिखाई देंगे।